तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 मई 2024

11 गीला-सूखा कचरा एक साथ दे रहे लोग, शार्टिंग में हो रही परेशानी

12 शिक्षक महादेव जायसवाल को मिला राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान




## खबर संक्षेप

### जगदीशपुर में पिकअप ने कार को मारी ठोकर

**महासमुंद।** मेन रोड जगदीशपुर बसना में एक पिकअप ने कार को टक्कर मार दिया। बसना पुलिस को प्रार्थी धनीराम प्रधान पिता गजाधर प्रधान (35) निवासी श्रीरामपुर सांकरा ने बताया कि पिकअप क्र सीजी 06 जीएल 8595 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए कार क्र सीजी 06 जीजेड 5669 को टक्कर मार दिया। जिससे प्रार्थी को चोटें आई। मामले में आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

### दहेज के नाम पर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** दहेज में गाड़ी व पैसा नहीं लाने की बात कहकर एक महिला से उसके साथ पति, सास सहित तीन लोगों ने मारपीट की। प्रार्थिया कृष्ण सोई पति राजेश सोई (26) निवासी ढोढरकसा ने सांकरा पुलिस को बताया कि आरोपी राजेश सोई, बिलास सोई, नुराधन सोई ने दहेज में गाड़ी, पैसा नहीं लाई हो कहकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट व जान से मारने की धमकी दी।

### शराब की अवैध बिक्री दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में दो लोगों पर कार्रवाई की है। आरोपी मित्रभानु मिंज पिता सोनू मिंज (45) निवासी मुरमुरी के कब्जे से 10000 एएल कीमत 2000 रुपए, वहीं दुखनाशन सामरथ पिता नरसिंह (30) मुरमुरी के कब्जे से 10000 एमएल कीमत 2000 रुपए को जब्त किया।

### लॉज में युवती के साथ गैंगरेप 3 के खिलाफ केस दर्ज

**महासमुंद।** बसना के एक लॉज में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। मामले की शिकायत पर बसना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 28 दिसंबर 2023 को दोपहर करीब 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच आरोपी लक्ष्मीधर साहू निवासी चांदन थाना राजादेवरी जिला बलौदाबाजार, प्रीतम नायक निवासी निठोरा थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार तथा उनके एक अन्य साथी द्वारा पीड़िता को बहला-फुसला कर अपने साथ बसना के गौरी लॉज ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की रिपोर्ट 15 मई 2024 को मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई।

## योजनाओं के तहत निर्माण कार्य होने के बावजूद पालिका की नहीं बढ़ी आय

# विकास व सुविधाओं के नाम पर हुए करोड़ों के कार्य गुणवत्ताहीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय होने के बावजूद नगर में निकाय परिषद के कार्यों को लेकर नगरवासियों में असंतोष झलक रहा है। इसका असर तीन माह बाद होने वाले नगरीय निकाय चुनाव पर असर पड़ने से इंकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि वर्तमान परिषद के पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान 5 मुख्य नगर पालिका अधिकारी बदल चुके हैं जिसका असर नगर पालिका के कार्यों पर पड़ने की बात निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा कही जाती है।

**पालिका भगवान भरोसे चल रही:** यहां अफसरों को आय के साधनों के श्रोत के बारे में ही जानकारी नहीं हैं। इससे अंदाजा लगा सकता हैं कि आखिर नगर पालिका की आमदनी क्यों नहीं बढ़ पा रही है। संपत्ति व जल कर वसूली भी ठीक प्रकार से नहीं की जा रही है। नगर पालिका की आमदनी बढ़ाने अफसर कतई गंभीर नहीं हैं। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से किराया भी नहीं मिल पा रहा है। योजनाओं के तहत निर्माण कार्य हुए लेकिन वर्षों बाद भी हितग्राहियो को आबंटन नहीं हो पाया नगर में विभिन्न योजनाओं के तहत

▶▶ शेष पेज 11 पर




### गुणवत्ताहीन निर्माण की पोल खुली

नगर पालिका द्वारा मंडी रोड पर सालभर पहले बना व्यवसायिक परिसर का निर्माण कर नीलामी के जरिए दुकानों को लीज पर दी गई है, लेकिन व्यवसायिक परिसर का निर्माण गुणवत्ताहीन होने के कारण लीज धारकों द्वारा कब्जा लेने से इंकार करने से अंधिकांश दुकानों में ताले लटक रहे हैं। निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही के चलते कुछ माह पूर्व उक्त व्यवसायिक परिसर के एक हिस्से का छज्जा अचानक भरभरा कर गिर गया तथा दुकान की दीवारों में दरारें आने पर इसकी शिकायत किये जाने पर जिलाधीश द्वारा जांच कमेटी का गठन कर सप्ताहभर में रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन कई माह बाद भी जांच समिति की रिपोर्ट तथा निर्माणकर्ता ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई सार्वजनिक नहीं होना मामले में लीपापोती होने की शंका की ओर इशारा करता है।

### नगर के मुख्य मार्ग के किनारे जारी पाथवे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल

नगर को सुंदर बनाने तथा नागरिकों को सुविधा देने के नाम पर मुख्य मार्ग के किनारे करीब तीन करोड़ की लागत से जारी पाथवे निर्माण का कार्य प्रगति पर है, लेकिन पाथवे निर्माण के लिए बिछाई जा रही प्योर ब्लाक के लिए सड़क किनारे खुदाई कर रेत व डस्ट बिछाने की बजाय गिट्टी डाल दी गई है तथा दबाने व समतल करने रोलर नहीं चलाये जाने से बरसात के दिनों में पाथवे के धसक जाने की बात आम नागरिकों द्वारा कही जा रही है। वहीं यह भी बताया गया है कि पाथवे की चौड़ाई व कार्य एक लाइन में नहीं होने तथा पाथवे के किनारे पर क्रांकीट से ब्लाक करने के बाद तराई नहीं किये जाने से भारी वाहन का पहिया उस पर पड़ते ही सीमेंट, रेत का मिक्चर भरभराकर धुल के रूप में तब्दील हो जा रहा है।



### वसूली के आंकड़े बताते हैं विशेष प्रयास नहीं किये गये

जिले के नगर पंचायतों और पालिका चुनाओं का कार्यकाल पूरा होने को है, मगर अव्यवस्थाएं आज भी मुंह उठाए वैसे ही खड़ी हैं, जैसे कार्यकाल की शुरूआत में थी। तब चुनौती और बढ़ जाती है। नगर पालिका की कमाई की बात करें तो निकाय की कमाई का सबसे बड़ा जरिया सम्पत्ति कर है। इसके बाद दुकानों और अन्य भवनों का किराया, जलकर समेत अन्य श्रोत हैं, मगर कर वसूली के आंकड़ों में भी नगर पालिका का कोई विशेष प्रयास नहीं दिखता।

### शिकायत पर जांच कराई जाएगी

नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की देखरेख के लिए पालिका में दो सब इंजीनियर पदस्थ है। जिनके द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पूर्ण कराने की जवाबदारी है, लेकिन लापरवाही के चलते कुछ कार्य के गुणवत्ताहीन होने की बात उजागर हुई है। पाथवे निर्माण के जारी निर्माण कार्य के बारे में शिकायत पर जांच कराई जावेगी।

**–संकेत शुक्ला,** सभापति लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार

# कंपनी की वादाखिलाफी पर परिवहनकर्ताओं ने दिया अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के होटल मारुति इन बलौदाबाजार में सीसीटीडब्लू एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजय शुक्ला की अगुवाई में बैठक हुई, जिसमें बात आई की जनवरी में श्री सीमेंट से औरंगाबाद का भाड़ा जो की पहले 2000 प्रति टन था, इसे कंपनी के आश्वासन पर रेट कम कर 1850 प्रति टन कर दिया जाना था। इस पर 5000 टन प्रति दिन महीने में कम से कम 150000 टन सड़क मार्ग से गाड़ियों को औरंगाबाद क्लिंकर लोडिंग देने की बात कही गई थी। इस पर पर सीसीटी डब्लू एसोसिएशन ने कम्पनी पर विश्वास कर छत्तीसगढ़ के लोकल ट्रांसपोर्टर ने गाड़ियां खरीद ली, परंतु अब कंपनी अपने वादे से मुकर गई और अब सड़क मार्ग से अपने वादे से कम मात्रा दे रही है, जबकि रेल से अंबिकापुर के पास रेलवे साइडिंग और वहां से ट्रकों में ओवरलोड कर भेज रही है। वहां का काम दिल्ली की एक कम्पनी को दे दिया गया है और लोकल ट्रक मालिक, परिवहनकर्ता को काम क्लिंकर का ऑर्डर दिया जा रहा है, जिससे गाड़ियां खड़ी हो गई है।

### आज से बंद करेंगे परिवहन का कार्य

परिवहनकर्ताओं के अनुसार अगर श्री सीमेंट प्रबंधन नहीं मानेगा तो इस वादा खिलाफी के खिलाफ शुक्रवार दोपहर 4 बजे से सभी परिवहनकर्ता परिवहन पूर्ण रूप से बंद कर देगा। रायपुर, बस्तर, कोरापुट परिवहन संघ के अध्यक्ष सुखदेव सिंह सिद्धू और बल्कर एसोसिएशन के अध्यक्ष मलकीत सिंह ने भी निर्णय का समर्थन करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही। उक्त अवसर पर गणेश प्रसाद जायसवाल, राजू अग्रवाल, सनोज सिंह, जितेंद्र सिंह, राकेश ध्रुव, संतोष ठाकुर, राजू पारवानी, सहित काफी संख्या में परिवहनकर्ता उपस्थित थे।

### संघ करेगा आंदोलन का समर्थन

जब तक हमारी उक्त मांगें पूरी नहीं होती, तब तक जिले की सभी गाड़ियां परिवहन कार्य बंद कर पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।

**-संजीव कुमार सिंह,** अध्यक्ष, ट्रक मालिक संघ, बलौदाबाजार


## श्रमिका ने किया हंगाम, अधिकारी की समझाइश पर माने

# तालाब गहरीकरण की मजूदरी में कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

■ गोदी की अमानक खुदाई पर काटी गई थी राशि

ग्राम पंचायत रेड़ा के लिम्हा तालाब में गहरीकरण कार्य लगातार जारी है। गहरीकरण के लिए 9 लाख 51 हजार की स्वीकृति मिली है। इस कार्य में 358 मजदूरों को मस्टररोल जारी किया गया था, जिसमें 245 मजदूर कार्य कर रहे थे। इसमें दो लोगों को मजदूरी 243 रुपए के दर से दी जाना था, परंतु 6 से 11 मई तक मस्टर रोल का मूल्यांकन तकनीकी सहायक चंद्रमणि पोर्ते द्वारा किया गया।



इसके तहत 50 मजदूरों द्वारा गोदी का साइज बराबर नहीं किया गया था, जिसके कारण राशि में कटौती हेतु तकनीकी सहायक द्वारा बोला गया तथा अच्छी तरह गोदी करने की समझाइए दी गई, परंतु लगभग 40 से 45 मजदूरों द्वारा बुधवार को सुबह 8 बजे राशि कटौती को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इसकी सूचना प्राप्त होने पर तकनीकी सहायक एवं सरपंच मौके पर पहुंच मजदूरों को गोदी के संबंध समझाइश देकर गोदी को पूरा करने कहा गया है, ताकि राशि की कटौती न हो, जिस पर सभी मजदूरों ने हामी भरकर कार्य करना चालू कर दिया है। वर्तमान में किसी प्रकार की विवाद की स्थिति नहीं है।

# 34 हजार रुपए जब्त, सटोरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

ब्लॉक के ग्राम बांसउरकुली में मोबाइल एप के माध्यम से सट्टा खिला रहे युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से 34 हजार रुपए जब्त कर जुआ एक्ट के तहत जेल भेजा है।



पुलिस ने बताया कि मंगलवार को ग्राम बांसउरकुली में एक व्यक्ति अपने घर में बैठकर मोबाइल ऐप के माध्यम से मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा खिला रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम बांसउरकुली पहुंची और आरोपी गौरव महंत पिता खिलावन दास 20 वर्ष दबोच लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 4 नग एंड्राइड मोबाइल, कीमती 22000 रुपए एवं फोनपे गूगल पे अकाउंट में सुरक्षित राशि 34584 रुपए गवाह के समक्ष जब्ती पत्रक बनाकर आरोपी के विरुद्ध धारा 7, 8 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया।

# जिले में स्वरोजगार के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण 20 मई से प्रारंभ

**मुड़पार-सरसीवां।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 20 मई से शुरू होने वाले सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा अलार्म, स्मोक डिटेक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन किया जा रहा है। शिक्षण के लिये जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 18 से 45 वर्ष एवं कम से कम 8वीं पास और 12वीं पास शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं।

# नगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर 19 को

**भाटापारा।** स्थानीय श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा, विप्र फाउंडेशन महिला शाखा और अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कुंदन भवन भाटापारा में 19 मई को आयोजित किया जा रहा है।

चिकित्सा शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएस असाटी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि शर्मा, न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. अविनाश गुप्ता, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मंदार गोकते, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. भाव्या स्वर्णकार, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. कीर्तिगा के, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कोसले एवं अपोलो हॉस्पिटल के अनुभवी स्टाफ अपनी सेवाए देंगे।

स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा केवल महिलाओं के लिए एक छोटी चर्चा एवं प्रश्नोत्तर का आधे घंटे का समय रहेगा। इस सेवा का लाभ लेने पहले पंजीयन करवाना होगा। श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा एवं विप्र फाउंडेशन महिला शाखा के सभी सदस्यों से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की गई है।

TATA MOTORS
टाटा मोटर्स लि. (पैसेंजर कार डिविजन) डीलर भसीन मोटर्स को भाटापारा एवं बलौदाबाजार हेतु आवश्यकता है:
- टीम लीडर (सेल्स) : पोस्ट ग्रेजुएट / ग्रेजुएट - ऑटोमोबाइल या अन्य सेल्स क्षेत्र में टीम हैंडलिंग का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव।
- सेल्स एक्जीक्यूटिव/एडवाइजर : (मेल/फीमेल) :- ग्रेजुएट, ऑटोमोबाइल क्षेत्र में 2/4 पहिये वाहन के विक्रय का न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव एवं अन्य एफएमसीजी संस्थानों में विक्रय के अनुभवी व्यक्ति भी संपर्क कर सकते हैं। दोपहिया वाहन सहित ड्रायविंग लाइसेंस अनिवार्य।
- सर्विस एडवाइजर (मैकेनिकल तथा बॉडी शॉप) (1 पद) : आईटीआई (मैकेनिकल), ऑटोमोबाइल क्षेत्र में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव।
- टेक्निशियन (3 पद): 12वीं कक्षा, आईटीआई उत्तीर्ण, ड्रायविंग का अनुभव अनिवार्य।

Result Oriented और Passionate एवं फ्रेशर उम्मीदवार जो ऑटोमोबाइल फील्ड में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं, अपने बायोडाटा तथा फोटोग्राफ सहित 07 दिनों के भीतर सम्पर्क करें :
भसीन मोटर्स
मो.: 9229330964, 9229330982
E-mail: hr.bhasinventures@gmail.com, Website - www.bhasinmotors.com



# नहीं मिल रहे छात्र, अब इवेंट मैनेजमेंट और कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कराएगा पत्रकारिता विवि

## परंपरागत पाठ्यक्रमों में कोशिशों के बाद भी नहीं मिल रहे हैं छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश का एकलौता पत्रकारिता विवि अब इवेंट मैनेजमेंट और कंप्यूटर साइंस में एमएससी की पढ़ाई कराएगा। इसके लिए विवि द्वारा विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है। इन दो पाठ्यक्रमों के अलावा विवि आधा दर्जन अन्य पाठ्यक्रमों की शुरुआत शैक्षणिक सत्र 2024-25 से करने जा रहा है। इनमें पीजी डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन, एमए हेल्थ कम्यूनिकेशन, एमए टूरिज्म एंड ट्रेव्हल कम्यूनिकेशन, एमए रूरल एंड ट्राइबल कम्यूनिकेशन, एमए डिजिटल मीडिया, एमएससी इंफर्मेशन टेक्नोलॉजी भी शामिल है। इनमें से कुछ विषय मीडिया तथा पीआर से संबंधित हैं तथा शेष ट्रेव्हल, टूरिज्म तथा इवेंट सेक्टर से जुड़े हुए हैं।

■ नए सत्र के लिए आवेदन 16 मई से, मेरिट आधार पर प्रवेश

विवि द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, विवि में सत्र 2024-25 में स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन 16 मई से शुरू होंगे। इस बार भी मेरिट के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा। छात्रों को प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ktujm.ac.in में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन आज से प्रारंभ हो जाएंगे, लेकिन अंतिम तिथि की घोषणा अभी विवि द्वारा नहीं की गई है।

### रविवि में पहले ही


जिन पाठ्यक्रमों की शुरुआत पत्रकारिता विवि में की जा रही है, उनमें से इवेंट मैनेजमेंट और एमएससी कंप्यूटर साइंस जैसे कई पाठ्यक्रम पं.रविशंकर शुक्ल विवि में पहले से ही संचालित हैं। नए पाठ्यक्रम में 40 से 60 सीटें हैं। सिलेबस सहित अन्य जानकारी विवि की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है।



### पत्रकारिता पाठ्यक्रमों से मोहभंग

पत्रकारिता विवि में स्नातक स्तर पर बीए (पत्रकारिता एवं जनसंचार), बीएससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, ग्राफिक्स और एनीमेशन) सहित पत्रकारिता संबंधित कई पाठ्यक्रम संचालित हैं। इसी तरह से स्नातकोत्तर स्तर पर भी (एमए) जनसंचार, पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क सहित कई कोर्स संचालित हो रहे हैं। ये भी पाठ्यक्रम पत्रकारिता से संबंधित हैं। बीते कई सत्रों से इन पाठ्यक्रमों की सीटें नहीं भर पा रही हैं। पर्याप्त प्रचार-प्रसार किए जाने के बाद भी इन विषयों में छात्र दाखिला नहीं ले रहे हैं। इन विषयों के प्रति छात्रों का मोह भंग होते जा रहा है। अब विवि अन्य तरह के कोर्स प्रारंभ करने जा रहा है।

# चार चरणों तक हिंदू और मुसलमान करने वाले हार के भय से बदल रहे बयान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, चार चरणों 379 सीटों के चुनाव हो चुके हैं। जनता ने मोदी विभाजनकारी एजेंडे को नकार दिया है। मोदी को पता चल चुका है कि उनकी सरकार वापस नहीं आ रही है। जनता, इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने मतदान कर रही है। कांग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी हैं। देश के अगले प्रधानमंत्री राहुल गांधी ही बनेंगे। अब आखिरी के तीन चरणों में मोदी को यह बयान देने को मजबूर होना पड़ा है कि वह हिंदू-मुसलमान करने में भरोसा नहीं करते हैं, जबकि उनकी और भाजपा की पूरी राजनीति इसी के ईर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने कहा, देशभर में विपक्ष को ईडी, सीबीआई का भय दिखाने वाले प्रधानमंत्री मोदी सत्ता हाथ से जाने के भय से रोने को मजबूर हो गये हैं। यही जनता के वोट की ताकत है। निर्वाचित सरकारों को सत्ता और धन बल से गिराने वाले अपनी सरकार के जाने के डर से रोना शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर और राहुल गांधी सच और जनता की आवाज उठा कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। देश में मोदी सरकार के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी है।

■ इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, राहुल होंगे पीएम- बैज

## अधिकारियों-कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त

# लोस चुनाव ड्यूटी मानदेय का भुगतान मतदान के 2 दिन बाद ही मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान के 2 दिन के बाद ही मानदेय राशि का भुगतान कर दिया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को मानदेय की राशि का जल्द से जल्द भुगतान करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत प्रशासन ने मतदान के 2 दिन बाद ही डेढ़ करोड़ से अधिक मानदेय की राशि जारी कर चुनाव ड्यूटी में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। हालांकि मानदेय की राशि खातों में ट्रांसफर होने में 3 से 4 दिन लग गए। इधर मतदान के कुछ दिनों के बाद ही खातों में मानदेय की राशि मिलने पर अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है।

### चुनाव ड्यूटी मानदेय का भुगतान

चुनाव ड्यूटी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पद के अनुसार मानदेय तय है। इस बार जल्द से जल्द अधिकारियों-कर्मचारियों को मानदेय मिल जाए, इसके लिए मतदान के एक दिन बाद ही राशि जारी कर दी गई थी। सभी के खातों में ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है।

- **उमाशंकर बंदे,** जिला उप निर्वाचन अधिकारी रायपुर



### किसे कितना मिला मानदेय

| | |
|---|---|
| सेक्टर अधिकारी | 7500 |
| पुलिस सेक्टर अधिकारी | 7500 |
| पीठासीन | 1200 |
| माइक्रो आब्जर्वर | 1200 |
| मतदान सहायक दल कर्मचारी | 900 |
| निगरानी दल कर्मचारी | 1000 |
| उड़नदस्ता दल | 1000 |

फाइल फोटो

### राशि ट्रांसफर करने छुट्टी के दिन भी खुला बैंक

*लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर में 7 मई को मतदान हुआ था। मतदान के एक दिन यानी 9 मई गुरुवार को मानदेय की राशि जारी कर दी गई थी। इसके दूसरे दिन कई कर्मचारियों के खातों में मानदेय राशि ट्रांसफर की गई। इसके दूसरे दिन महीने का दूसरा शनिवार का अवकाश था, लेकिन अधिकारियों-कर्मचारियों को जल्द से जल्द मानदेय मिले, इसे प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने छुट्टी के दिन भी बैंक खुलवाया और मानदेय की राशि ट्रांसफर कराई। प्रशासन की इस पहल पर भी अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है। नाम नहीं बताने की शर्त पर कुछ अधिकारी व कर्मचारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद मानदेय मिलने में कई हफ्ते लग गए थे। कईयों को तो फरवरी-मार्च तक मानदेय मिला है, लेकिन लोकसभा चुनाव का मानदेय कुछ दिनों के भीतर मिल गया है।*

### एक करोड़ 68 लाख से अधिक मानदेय राशि जारी

*लोकसभा चुनाव में सेक्टर अधिकारियों से लेकर पोलिंग मतदान दलों में शामिल पीठासीन, सहायक कर्मचारी, होम पोस्टल बैलेट मतदान दल, मतदान सुविधा केंद्र, निगरानी दल, उड़नदस्ता दल, पुलिस सेक्टर अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वरों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस तरह 11 सौ से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है। इनमें प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या साढ़े सात हजार से अधिक है। मानदेय की राशि पद के अनुसार तय है। प्रशासन ने सभी को मानदेय जल्द से जल्द मिले, इसके लिए 1 करोड़ 68 लाख 88 हजार 50 रुपए की मानदेय राशि मतदान के एक दिन बाद ही जारी कर दी थी, जिसके बाद यह राशि दो से तीन दिन के भीतर अधिकारियों-कर्मचारियों के खातों में ट्रांसफर कर दी गई।*

# एक्टिव केस शून्य होते ही कोरोना की नियमित रिपोर्टिंग अघोषित बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कभी दहशत की वजह से बनने वाली कोरोना की नियमित रिपोर्टिंग अघोषित रूप से बंद कर दी गई है। बारह दिन पहले जब राज्य में एक्टिव केस शून्य हुआ, इसके बाद से इसका ब्योरा जारी नहीं किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अफसर भी यह मानने लगे हैं कि कोरोना की गंभीरता समाप्त होने के बाद अब इसकी जरूरत नहीं है। अन्य राज्यों में इसकी नियमित रिपोर्ट सार्वजनिक करने की प्रक्रिया काफी समय पहले बंद की जा चुकी है, मगर छत्तीसगढ़ में आला अधिकारियों के निर्देश पर इसे जारी रखा गया था। पिछले कुछ महीनों से इसकी आवश्यकता नहीं समझी जा रही थी। अफसरों का यह भी तर्क था कि कोरोना से बचाव के विभिन्न तरीके मिलने के बाद इसकी गंभीरता भी समाप्त हो चुकी है। अब कोरोना संक्रमण को सर्दी-खांसी अथवा बुखार से अधिक नहीं माना जाता। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अघोषित रूप से इसकी नियमित रिपोर्टिंग सार्वजनिक करने की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। विभागीय स्तर पर इसकी जानकारी रखी जा रही है। 3 मई को राज्य में कोरोना के एक्टिव सात मरीजों को स्वस्थ घोषित किया गया था।

■ बारह दिन से जारी नहीं हो रहा ब्योरा, अफसरों ने कहा- अब जरूरत नहीं

### सामान्य स्थिति

कोरोना अब अन्य बीमारियों की तरह सामान्य स्थिति में आ चुका है। इससे बचाव के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में लोगों को जानकारी हो चुकी है।

- **डॉ. डीके तुर्रे,** उपसंचालक एवं प्रवक्ता, स्वास्थ्य विभाग

## खबर संक्षेप

### डाटा हैंडलरों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर।** टीकाकरण से संबंधित जानकारियों को सुरक्षित तरीके से संग्रहित करने के लिए रायपुर एवं बिरगांव के शहरी इलाकों के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत डाटा हैंडलरों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। जेएसई संस्थान के डाक्टर अंजम चटोराज, डाक्टर मैथिल पाटिल और जिला टीकाकरण डॉ. संजीव मेश्राम अधिकारियों ने उन्हें कार्य से संबंधित बारीकियां समझाई। आने वाले दिनों में टीकाकरण को लेकर विभिन्न अभियान राज्य स्तर पर संचालित किए जाने की तैयारी है।

### तीस जून तक थिसिस जमा करेंगे मेडिकल पीजी छात्र

**रायपुर।** एमडी-एमएस की पढ़ाई कर रहे छात्रों को 30 जून तक अपने थिसिस जमा करने का वक्त दिया गया है। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा स्नातकोत्तर की परीक्षाएं दिसंबर में संभावित है। विवि द्वारा इस संबंध में तमाम चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को पत्र प्रेषित किया गया है।

### टैंकरों में निजात का पोस्टर

**रायपुर।** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान के समर्थन में एचपीसीएल के पांच सौ टैंकरों में निजात का पोस्टर लगाया गया। पोस्टर लगाने का अभियान एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में बताया गया कि नशे से समाज के साथ परिवार का कितना बड़ा नुकसान होता है। निजात अभियान के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की गई। साथ ही मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की।

### आपसी रंजिश के कारण मारपीट

**रायपुर।** आजाद चौक थाना में एक युवक ने दो अन्य युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक डिकेश सोनवानी ने गोलू तथा अतुल रगड़े के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। डिकेश ने पुलिस को बताया है कि आपसी रंजिश के कारण गोलू तथा अतुल ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट की है।

### ट्रक ड्राइवर ने की मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक कार चालक ने एक ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राजेश शर्मा ने ट्रक सीजी 04 एमएन 2465 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया है कि ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार ट्रक चलाते हुए उसकी कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। ट्रक ठीक से चलाने के लिए कहने पर ट्रक चालक ने राजेश के साथ मारपीट की।

### अरमान नाला की सफाई

**रायपुर।** निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 3 क्षेत्र के अरमान नाला राजा तालाब में पोकलेन मशीन के माध्यम से कराई जा रही सफाई कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश पूर्व अरमान नाला क्षेत्र की सघन सफाई कराने जोन अधिकारियों को निर्देश दिए। ताकि जल भराव की समस्या बारिश के दौरान न आने पाये।

### बीसीजी का टीका लगाने ट्रेनिंग

**रायपुर।** जुलाई अथवा अगस्त माह से राज्य में 18 साल से अधिक आयु वालों को टीबी से बचाव के लिए बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। इसके लिए जिलों में मैदानी अमले को ट्रेनिंग देने का काम पूरा किया जा रहा है। पिछले दिनों रायपुर जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों को इस मामले की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, सीपीएम, बीईटीओ, एसटीएस लैब टैक्नीशियन मौजूद थे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आने वाले मितानीन का सहयोग लिया जाएगा। वैक्सीन लगाने के लिए टीबी के संभावित लक्षण के आधार पर लोगों की पहचान कर उन्हें निशुल्क वैक्सीन लगाया जाएगा। इसके लिए राज्य स्तर पर तैयारी की जाएगी।

*ढेबर के बोल पीएम भी शहर की समस्या दूर नहीं कर*

# भाजपा पार्षदों ने घेरा गांधी सदन महापौर से इस्तीफे की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा पार्षद दल ने बुधवार गांधी सदन का घेराव करते हुए महापौर एजाज ढेबर से इस्तीफे की मांग की। गांधी सदन के मुख्य द्वार के सामने भाजपा पार्षदों ने दोपहर बाद नारेबाजी करते हुए महापौर मुर्दाबाद के नारे लगाये। भाजपा पार्षद महापौर के उस बयान को लेकर नाराज दिखे, जिसमें कहा गया कि नगर निगम में पानी, सफाई और बिजली की समस्या ऐसी है कि पीएम को भी बैठा देंगे, तो समस्याएं पूरी तरह खत्म नहीं होंगी। नगर निगम में ये समस्याएं खत्म हो जायेंगी, तो डिपार्टमेंट ही नहीं रहेगा।

नगरीय निकाय चुनाव से पहले राजधानी में महापौर के बयान पर बुधवार को बवाल मच गया। भाजपा पार्षदों ने महापौर के इस्तीफे की मांग को लेकर नगर निगम मुख्यालय का घेराव कर दिया। गांधी सदन के सामने भाजपा पार्षदों ने घंटों नारेबाजी की और महापौर के वक्तव्य को लेकर विरोध जताते रहे। महापौर एजाज ढेबर ने भाजपा पार्षद दल के हंगामे और इस्तीफे को लेकर कहा है, ये मुझसे 5 साल से इस्तीफा मांग रहे हैं। मैंने जो बयान दिया है, उसको गलत तरीके से पेश किया गया। मैं अपने उस वक्तव्य पर कायम हूं कि सफाई, पानी और लाइट की समस्या ऐसी है, जिसका 100 फीसदी समाधान नहीं हो सकता।

निगम मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने वालों में नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, वरिष्ठ भाजपा पार्षद डॉ. प्रमोद साहू, अमर बंसल, चंद्रपाल धनगर, भोलाराम साहू, दीपक जायसवाल, टेसू-नंदकिशोर साहू, रवि ध्रुव, सुमन-राम प्रजापति सहित अन्य भाजपा पार्षद शामिल रहे।

# गूगल मैप में रेटिंग तथा गैस एजेंसी दिलाने का झांसा देकर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीर नगर तथा खम्हारडीह थाना क्षेत्र में गूगल मैप में रेटिंग तथा खम्हारडीह में गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर एक कारोबारी तथा एक महिला ने दो करोड़ 20 लाख 66 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ितों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक डीडीनगर आवासीय परिसर निवासी सत्यानंद शर्मा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सत्यानंद ने पुलिस को बताया है कि उसके पास पांच मई को अज्ञात नंबर से वाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने सत्यानंद को गूगल मैप पर स्टार रेटिंग देने का टास्क पूरा करने पर इनाम मिलने का झांसा दिया। सत्यानंद के मुताबिक टास्क पूरा करने के एवज में उसे इनाम मिला। इसके बाद बिजनेस टास्क पूरा करने का झांसा देकर जालसाज ने सत्यानंद से अपने अकाउंट में नौ लाख 66 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया।

■ घटना कबीर नगर तथा खम्हारडीह थाना क्षेत्र की




### गैस एजेंसी दिलाने का दिया था झांसा

*खम्हारडीह थाना में सफायर ग्रीन निवासी सोनल सिंह जिंदल ने रतन मिश्रा तथा अन्य के खिलाफ दो करोड़ 11 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। सोनल ने पुलिस को बताया है कि वह बुटीक संचालक है। नया बिजनेस करने उसने अपने परिचित रतन से संपर्क किया। रतन ने अपने साथियों के साथ मिलकर गैस एजेंसी में मुनाफा मिलने की बात कह कर एजेंसी में पार्टनर बनाने का झांसा दिया। पार्टनर बनाने के नाम पर जालसाजों ने सोनल से वर्ष 2021-22 में 10 किस्तों में रकम हासिल की। लंबे समय तक एजेंसी का काम नहीं मिलने पर सोनल ने रतन से पैसे मांगे, तब रतन ने सोनल को पोस्ट डेटेड ब्लैंक चेक देकर कहा कि एजेंसी नहीं मिलने पर वह बैंक से रुपए निकाल सकती है। बैंक में सोनल ने चेक क्लीयरेंस के लिए लगाया, तो चेक बाउंस हो गया।*

# छग पॉवर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना से कर्मियों और पेंशनरों को मिली नई राह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना का अध्ययन करने आई मध्यप्रदेश व पंजाब की टीमों ने योजना की भरपूर सराहना की हैं तथा इसे अपनी-अपनी विद्युत कंपनियों में लागू करने की मंशा जताई है। छत्तीसगढ़ पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजेश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में रायपुर स्थित मुख्यालय सेवा भवन डंगनिया में आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने इस योजना को कर्मचारी हित का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण माना। पंजाब पॉवर कार्पोरेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि इस योजना से उन्हें नई राह मिली है।

### पीपीटी के माध्यम से योजना की दी प्रस्तुति

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अशोक कुमार वर्मा तथा अतिरिक्त महाप्रबंधक विनोद कुमार अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से योजना की प्रस्तुति दी। बैठक में मध्यप्रदेश व पंजाब स्टेट सेक्टर की सात पॉवर कंपनियों से आए अधिकारियों ने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की टीम को बधाई दी। मध्यप्रदेश से आई टीम ने कहा कि यह मॉडल सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा है जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों व पेंशनरों को मिलता देखना काफी सुखद है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह, पंजाब स्टेट पॉवर कार्पोरेशन से आए डीके गोयल, मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रतिनिधि अमित मेहरोलिया ने कहा कि कंपनी की ओर कर्मियों के लिए सामाजिक दायित्व का बेहतर उदाहरण है।

# 15 कामगारों की टीम पाइप लाइन मरम्मत में जुटी, 8 घंटे तक चला काम

**रायपुर।** फिल्टर प्लांट के 47.5 एमएलडी रॉ वाटर पाइप से 80 एमएलडी प्लांट की नई पाइप लाइन में इंटर कनेक्शन का कार्य बुधवार को किया गया। इसके लिए 15 कामगारों की टीम सुबह 8 बजे से स्पॉट पर उतारी गई। मरम्मत और इंटर कनेक्शन का काम शाम 5 बजे तक चला। पाइप लाइन मरम्मत कार्य पूरा कराने 10 घंटे का शट डाउन लिया गया। इस दौरान शहर की 6 पानी टंकियों में शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रही। इस दौरान तेलीबांधा क्षेत्र से 3 पानी टैंकर की डिमांड प्रभावित इलाकों से आई। बैरनबाजार क्षेत्र में 1 पानी टैंकर की मांग आई, जबकि देवेन्द्र नगर पानी टंकी से कनेक्ट इलाके में लोगों ने सुबह के समय अपनी जरूरत के हिसाब से पानी भरकर रख लिया।



### तकनीकी टीम ने समयावधि पर किया पूरा काम

जल विभाग द्वारा फिल्टर प्लांट के 80 एमएलडी के नये प्लांट के पाइप लाइन में इंटर कनेक्शन कार्य के लिए 15 कुशल कामगारों की टीम लगाई गई। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में 5 सिविल मेकैनिक, 4 वेल्डर, 4 सहायक और 2 हेल्पर के साथ तकनीकी टीम ने 8 घंटे की समय अवधि में यह काम पूरा किया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल खरोरा तहसील खरोरा जिला रायपुर**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश पिता जयलाल प्रसाद निवासी ग्राम बुडेनी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बुडेनी प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. खरोरा तहसील खरोरा जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 89/1, 153/3, 424 रकबा 0.6740, 0.0280, 0.2310 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार खरोरा के आदेश के परिपालन में दिनांक 20.05.2024 को समय 12:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथि को ग्राम खरोरा स्थित पटवारी कार्यालय में दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. - खरोरा
तह. खरोरा जिला-रायपुर

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**



### गोदड़ीवाला धाम में मनाया साओ मंगल

**रायपुर।** गोदड़ीवाला धाम में बुधवार को साओ मंगल का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सत्संग-कीर्तन के बाद पल्लव साहव के बाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में सेवादारी हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, सुनील काशवानी, महेश हरजानी, शिवा खुबचंदानी, दीपक कारा, मंघाराम कुकरेजा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### छाया और अनिला शिमला लोकसभा की ऑब्जर्वर नियुक्त

**रायपुर।** एआईसीसी ने पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा और पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को लोकसभा चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश में ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। एआईसीसी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, छाया वर्मा को शिमला लोकसभा क्षेत्र में चौपाल विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को शिमला लोकसभा क्षेत्र में ठियोग विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### योजनाएं बंद-बैंक खाता चालू वित्त विभाग ने मांगा हिसाब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरकार की कई ऐसी योजनाएं जो पूर्व में संचालित थीं, लेकिन अब बंद हो चुकी हैं, लेकिन इन योजनाओं से संबंधित बैंक खाते चालू हैं। सरकार के वित्त विभाग को यह जानकारी मिलने के बाद राज्य के सभी प्रमुख अधिकारियों को पत्र भेजकर बंद योजनाओं में रुकी राशि का ब्योरा देने के लिए कहा गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वित्त विभाग के संज्ञान में आया है कि पूर्व में संचालित लेकिन वर्तमान में बंद विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त राशि के विरुद्ध अव्यतित राशि बैंक खातों में शेष में उपलब्ध हैं। उनका संधान अभी राज्य एवं मैदानी कार्यालयों द्वारा किया जा रहा है। विभागों से कहा गया है कि वर्तमान में बंद योजनाओं के विरुद्ध बैंक खातों में शेष अव्यतित राशि तत्काल प्रभाव से राज्य शासन के खाते में जमा कराएं।

# गीला-सूखा कचरा एक साथ दे रहे लोग, शार्टिंग में हो रही परेशानी

## नगर पालिका क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा एकत्र करने वाली स्वच्छता दीदियों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा एकत्र करने का कार्य बीते सात वर्षों से जारी है, लेकिन सात साल बीत जाने के बाद भी शहरवासियों में गीला–सूखा कचरा अलग देने की आदत नहीं बन पाई। इसके कारण सफाई कार्यों में लगी स्वच्छता दीदियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

जानकारी के अनुसार शहर से प्रतिदिन कई टन कचरा संग्रहण किया जाता है, जबकि यह शहर के 60 प्रतिशत लोगों के द्वारा दिया जाने वाला कचरा है। वहीं, 40 प्रतिशत लोग स्वच्छता दीदियों को कचरा देने के बजाए नाली में या खुले में फेंक रहे हैं, जिसके कारण शहर की गंदगी साफ नहीं हो रही है। स्वच्छता दीदियों ने बताया कि नगर के वार्डों में स्वच्छता के बेहतर निबटान के उद्देश्य से स्वच्छता समूह के माध्यम से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली दीदियों को गीला–सूखा कचरा अलग नहीं मिलने से काफी परेशानी होती है। लोग हरे और नीले रंग के डिब्बे का अलग–अलग उपयोग नहीं करते, दोनों डिब्बों में गीला–सूखा कचरा डालकर देते हैं। एकत्रित कचरों को अलग–अलग करने में परेशानी होती है और इस कार्य को करने में कई घंटो का समय लग जाता है। स्वच्छता दीदियों ने बताया कि लोगों में अब भी जागरूकता का अभाव है।



### अलग-अलग देने से छंटाई में होती है आसानी

गीला–सूखा कचरा अलग मिलने से उन्हें छंटाई करने में आसानी होती है। हरी सब्जियों के अवशेष, खाद्य पदार्थ, रैपर स्वच्छता उत्पाद, दूषित खाना, कागज, फलों के छिलके, अंडा–मटन के अवशेष, नारियल, भाजी, खराब मसाले, पौधे आदि गीला कचरे की श्रेणी में आता है, जिसे खाद बनाने में प्रयोग करते हैं। इसी तरह लोहे, कांच के टुकड़े, लकड़ी, चम्मच, ब्रश, प्लास्टिक, पालीथिन, गिलास, स्टील, कपड़ा, फर्श मैट, कंटेनर, खिलौना, पेन, रिफिल आदि सूखे कचरे को रिसाईक्लिन के लिए भेज दिया जाता है। लोग जागरूकता की कमी से सभी प्रकार के कचरों को एक ही डिब्बे में डालकर दे देते हैं, जो सफाई दीदियों के लिए परेशानी का कारण है।

# पुलिस से बचने ड्रग मंगाने ली रैपिडो बाइक कुरियर की मदद

## एसी टू में लेकर आते रहे ड्रग्स का पार्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की सेल ने दो दिन पूर्व नौ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सिंथेटिक ड्रग के साथ जिन्हें गिरफ्तार किया है, उन लोगों से पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। ड्रग तस्कर तथा पैडलरों से जो जानकारी मिली है, पुलिस उसकी जांच करने की बात कह रही है। ड्रग तस्करी के इस पूरे खेल में आयुश अग्रवाल तथा महेश सिंह खडगा मास्टर माइंड हैं।

■ होटल, फार्म हाउस की संलिप्तता जांच के दायरे में

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक दिल्ली से ट्रेन के माध्यम से जो ड्रग्स आता था, आयुश उसे मंगाने के लिए रैपिडो बाइक कुरियर की मदद लेता था। इसके लिए कुरियर के पैकेट में मेडिकल उपयोग की दवा का रैपर लगा दिया जाता था। इस तरह से ड्रग का पार्सल आसानी से आयुश तक पहुंच जाता था। इसके लिए उसे लोकल में लड़के रखने की जरूरत नहीं पड़ती थी। पुलिस के अनुसार दिल्ली से ड्रग का पार्सल लाने वाला लड़का एसी सेकेंड क्लास में सफर कर रायपुर पहुंचता था। पार्सल लाने वाला लड़का एमआर बनकर दवाओं के सैंपल के साथ ड्रग लेकर रायपुर स्टेशन में पहुंचता था। स्टेशन में पहुंचने के बाद वह ड्रग का पार्सल रैपिडो बाइक कुरियर के हवाले कर देता था।


आरोपियों के कब्जे से 2100 मिलीग्राम एमडीएमए ड्रग्स एवं 6600 मिलीग्राम कोकीन बरामद
कोकीन, ड्रग्स की रायपुर सप्लाई, वेब सीरीज के किरदार बनकर धंधा, होटल में पकड़े ग

### पुलिस सीसीटीवी फूटेज की जांच करेगी

पुलिस अफसर के मुताबिक आयुश राजधानी के किन होटलों में रुकता था, इसकी डिटेल निकाली जा रही है। इसके साथ ही आयुश होटल में रुकने के लिए किन लोगों की पहचान का उपयाग करता था, पुलिस अफसर इस बात की भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है। आयुश का होटलों में चेक इन से लेकर चेक आउट करने का पुलिस ने होटल संचालकों को सीसीटीवी फूटेज देने की मांग की है। इससे यह पता चल जाएगा कि आयुश होटल में रुकने के दौरान किन-किन लोगों से मिला है।

### जांच के दायरे में फार्म हाउस, होटल

पुलिस अफसर के मुताबिक आयुश जिन होटल तथा फार्म हाउस में अब तक रुका है, उसकी सूची तैयार कर जांच की जाएगी। साथ ही पुलिस अफसर ने ड्रग रैकेट में फार्म हाउस, होटल, पब, कैफे तथा क्लब की संलिप्तता की जांच करने की बात कही। पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि आयुश जिन होटल, क्लब तथा फार्म हाउस में रुका था, उस दौरान वहां किस तरह की पार्टी आयोजित की गई।

### कैटरर से बना ड्रग पैडलर

पुलिस के अनुसार महेश पूर्व में रायपुर में रहकर लंबे अरसे से पार्टियों में कैटरिंग का ठेका लेने का काम करता था। इसी दौरान महेश, आयुश के संपर्क में आया। महेश का कैटरिंग से मन उब गया, तो वह रायपुर से दिल्ली चला गया। महेश ने दिल्ली में किराए पर होटल लेकर संचालित करने लगा। इसी दौरान महेश, नाइजीरियन के संपर्क में आया और उनके माध्यम से आयुश के साथ मिलकर ड्रग तस्करी के धंधे में लिप्त हो गया।

### निशाने पर टीन एजर, युवा

पुलिस के मुताबिक आयुश का संपर्क रईस घरानों के टीन एजर तथा युवा युवतियों के साथ रहा है। जिन रईस घरानों के बच्चों के संपर्क में आयुश था, पुलिस को उसके मोबाइल से इसकी जानकारी मिल गई है। पुलिस को आशंका है कि आयुश जिन किशोर उम्र के बच्चे तथा युवाओं के संपर्क में था, उन्हें ड्रग बेचने का काम करता था।

# भीषण गर्मी में बिजली की लचर व्यवस्था सैकडों ग्रामों के लोगों को रुलाने लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विकासखण्ड क्षेत्र के लोग भीषण गर्मी में लगातार बिजली विभाग की लचर व्यवस्था से परेशान हैं। क्षेत्र में किसी भी समय बिजली बंद हो जाना आम बात हो गई है। लगातार बिजली कटौती के कारण मोटर पम्प नही चल पाने से ओवरहेड टैंक में पानी नहीं भर पा रहा है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भी हाहाकार मचा हुआ है। बिजली व्यवस्था एकदम खराब हो गई है। लगातार लोड बढने के कारण बिजली सबस्टेशन में बुस्टर ब्लॉस्ट होने की जानकारी मिली।

■ किसी भी समय बिजली बंद हो जाने से पेयजल की समस्या हो रही उत्पन्न

**गर्मी के दिनों में लगातार खराब हो रहे ट्रांसफार्मर:** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के इन दिनों लगातार ट्रांसफार्मर में खराबी आने की जानकारी गांव गांव से आ रही है। लोड बढ़ने के कारण सीधा ट्रांसफार्मर में आग लग रही है। अधिकांश ट्रांसफार्मरों में सर्किट बाक्स नहीं लगाया गया है, जिसके कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीण इलाको के गांव में बिजली के तारे बेहद जर्जर हो चुके हैं। कई गांव में तार काफी नीचे झुक गए हैं।



# लाखेनगर, अमीनपारा, महादेवघाट मार्ग पर फागिंग

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में मच्छरों के नियंत्रण के लिए बुधवार से एंटी लार्वा अभियान के साथ ही लाखेनगर, अमीनपारा, महादेवघाट मार्ग पर फागिंग कराई गई। 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर जनजागरूता अभियान चलाया जायेगा। इसके साथ ही शहर की स्लम बस्तियों में मच्छर नियंत्रण के लिए टीम बनाकर फागिंग कराने की तैयारी की गई है।



शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचाने नगर निगम प्रशासन 70 वार्डों में रुके हुये पानी वाली जगहों पर एंटी लार्वा और रिहाइशी इलाके में फागिंग करायेगा। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव के मार्गदर्शन में नियमित रूप से फागिंग कराने व्यवस्था की जा रही है। इसकी मानिटरिंग संबंधित जोन के कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने जोन 5 क्षेत्र के ईदगाह भाठा लाखे नगर स्थित निरंकारी भवन में फागिंग कराई गई। इसी तरह अमीनपारा में शाम 7.30 बजे के बाद निगम की टीम फागिंग करने निकली। हाथ चलित मशीन की सहायता से रहवासी इलाके में फागिंग कराया गया। महादेवघाट मार्ग पर भी निगम की टीम सड़कों पर फागिंग करती देखी गई।

# बेमौसम बारिश के कारण तेंदूपत्ता की गुणवत्ता प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर में मौसम में आए बदलाव की वजह से अंधड़ और बारिश के कारण तेंदूपत्ता की खरीदी प्रभावित हो रही है। बस्तर वन वृत के चारो वन मंडल बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में इस सीजन में पौने तीन लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक तीन वन मंडल सुकमा, दंतेवाड़ा और बस्तर में केवल 77 हजार 475 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हो पाई है। वहीं बीजापुर वन मंडल के फड़ में खराब मौसम की वजह से तेंदूपत्ता की खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई है।

■ बीजापुर वनमंडल में खराब मौसम की वजह से खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई

छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता का संग्रहण 31 जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं 902 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से चल रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में प्रदेश के 12.50 लाख संग्राहक परिवार जुड़े हुए हैं। इस साल 16.72 लाख मानक बोरे का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 7.82 लाख मानक बोरे का संग्रहण किया जा चुका है। बस्तर के आदिवासी अंचलों में ग्रामीणों के लिए तेंदूपत्ता का संग्रहण आय का मुख्य स्त्रोत है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रति मानक बोरा में इजाफा करते हुए 5500 रुपये करने का वादा किया गया था। यही कारण है कि संग्राहक ज्यादा से ज्यादा मात्रा में तेंदूपत्ता का संग्रहण करने की तैयारी में थे, लेकिन बेमौसम बारिश के कारण तेंदूपत्ता की खरीदी प्रभावित हो रही है और ग्रामीण संग्राहकों में मायूसी छा गई है। बस्तर वन मंडल अपने खरीदी लक्ष्य से काफी दूर है। हालांकि तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य जून के प्रथम सप्ताह तक चलेगा।



### बीजापुर में खरीदी की नहीं हुई शुरुआत

मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि बस्तर में पिछले कुछ दिनों से तेज अंधड़ के साथ जमकर बारिश हो रही है। वहीं कुछ जगह पर ओलावृष्टि भी हुई है, इसके कारण तेंदूपत्ता की गुणवत्ता खराब हुई है। यही कारण है कि ठेकेदारों द्वारा मौसम को देखते हुए रोक-रोक कर खरीदी की जा रही है। बस्तर के अंतर्गत चार वन मंडलों में बीजापुर वन मंडल में सबसे बेहतर क्वालिटी का तेंदूपत्ता पाया जाता है, लेकिन यहां पर खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई है। बारिश की वजह से यहां तेंदूपत्ता खराब निकल रहे हैं, जिस वजह से इसकी खरीदारी नहीं हो पा रही है। वहीं बारिश के कारण फड़ में सूख रहे तेंदूपत्ता भी खराब हो रहे हैं।

### तेंदूपत्ता खरीदी में लक्ष्य से पिछड़ा बस्तर

बस्तर वन वृत के अंतर्गत चार वन मंडल में बीजापुर में 1 लाख 21 हजार 600 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक खरीदी की शुरुआत ही नहीं हो पाई है। सुकमा वन मंडल में 1 लाख 8 हजार मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक केवल 51 हजार 739 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हुई है। वहीं दंतेवाड़ा में 19 हजार 200 मानक बोरा का लक्ष्य रखा गया है, यहां अब तक 17 हजार 621 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हो गई है। बस्तर वन मंडल में 21 हजार 800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, अब तक 8 हजार 114 मानक बोरा की खरीदी हुई है। पिछले साल की तुलना में इस साल बारिश की वजह से तेंदूपत्ता की खरीदी काफी प्रभावित हुई है।

# कलेक्टर ने किया कला केंद्र का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बुधवार को कला केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलाकारों से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कला केंद्र का उद्देश्य शहर के कलाकारों को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के इच्छुक लोगों को सीखने का मंच प्रदान करना है। विदित हो कि कला केंद्र में गायन, वादन, ड्राइंग, गिटार, बांसुरी, तबला, ड्रम आदि विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केंद्र में रिकॉर्डिंग स्टूडियों भी है, जिसमें रिकॉर्डिंग की सुविधा है। कलेक्टर ने परिसर के पार्किंग स्थल और स्वीमिंग पूल परिसर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, रोजगार अधिकारी केदार पटेल, डिप्टी कलेक्टर अभिलाषा पैकरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




## पेज 9 का शेष

### विकास व सुविधाओं ...

हॉट-बाजार, चबुतरा, गुमटी निर्माण, अटल आवास निर्माण पर करोड़ों खर्च होने के बावजूद सालों बाद भी हितग्राहियों को आंवटन नहीं हो पाया है। इसी तरह नगर के मध्य मुरूम खदान तालाब के निर्माणों, सौंदर्यीकरण व चौपाटी निर्माण का कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूर्ण नहीं हो पाया है। नियमों के तहत चार दीवारी के भीतर मटन मार्केट बनाने के लिए करोड़ों खर्च कर तीस से अधिक दुकानों का निर्माण कुछ वर्ष पूर्व कराया गया था, लेकिन दुकान बनने के बाद भी उनका आंवटन को लेकर व्यावसायियों व पालिका के मध्य जारी खींचतान के चलते निर्मित दुकानें बंद हालत में खंडहर के रूप में तब्दील होने लगी है।



## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा में आरोही को मिले 95 प्रतिशत अंक



**भाटापारा।** अंबुजा विद्यापीठ रवान में अध्ययनरत कक्षा 12वीं की परीक्षा में आरोही अग्रवाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आरोही छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष बृजेश अग्रवाल एवं अर्चना अग्रवाल की पुत्री है। आरोही की इस उपलब्धि पर अंबुजा विद्यापीठ के प्राचार्य एसके पांडे, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष जेके अग्रवाल, रामरतन शर्मा, अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनेंद्र गुंबर, दीपक मल, नंदू अग्रवाल, मनोज डागा, रूपेश मखीजा, पिंटू भृगु एवं परिवारजनों ने बधाई और आरोही के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सड़क दुर्घटना में मौत, मामला दर्ज

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पैकिन में 24 मार्च को हुए सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामलेमें पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि रामानुज तांडी (28) निवासी भोथलडीह की मृत्यु वाहन दुर्घटना से होना पाया जाने से अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध अपराध धारा 304ए भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने लगाई फांसी हुई मौत

**महासमुंद।** सरायपाली के वार्ड नं. 11 याशीन कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 14-15 मई की रात पीयूष साहू पिता विक्रम साहू (19) निवासी वार्ड नं. 11 याशीन कॉलोनी सरायपाली ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली।

### राममंदिर में मनाई गई जानकी नवमीं



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में जानकी नवमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर माता जानकी की पूजा अर्चना की गई। जिसमें हीरेंन्द वैष्णव, अनुसुईया चंद्राकर, पार्वती धीवर, मालती चंद्राकर, श्यामबाई चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# भक्त माता कर्मा की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान जगन्नाथ को भी मंदिर से बाहर निकलना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

## जयंती के अवसर पर विधायक इंद्र साव ने माता कर्मा की शक्ति गिनाई

भक्त माता कर्मा हमारे साहू समाज की देवी मां है, इनकी भक्ति में इतनी शक्ति है कि हम उसका बखान नहीं कर सकते। कहते हैं कि भक्ति में ही शक्ति है। वैसे ही हमारी भक्त माता कर्मा थीं। उक्त बातें विधायक इंद्र साव ने ग्राम देवरी में साहू सामाज द्वारा मनायी गई भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर सामाजिक लोगों को संबोधित करते हुए कही।कार्यक्रम में सरपंच सेवकराम साहू एवं ग्राम अध्यक्ष साहू सामाज चिंता राम साहू ने भी अपना उदगार व्यक्त किया। इसके पूर्व विधायक इंद्र साव एवं उनके साथ पहुंचे अतिथियों का आयोजनकर्ताओं ने स्वागत किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कर्मा माता मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव का भ्रमण कर वापस कर्मा माता मंदिर पहुंची, जहां भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना की गई। इस जयंती अवसर पर तहसील अध्यक्ष तरेंगा चैतराम साहू, तहसील उपाध्यक्ष भरत साहू, कमलेश साहू दतरेंगी, रामसागर साहू, घनाराम साहू, कुलेश्वर, मोपका, सहदेव साहू मोपर, शकुन राजकुमार उपसरपंच, ईश्वरी साहू, दयालु साहू, तुलसी साहू, चेतन, ललित साहू, कैलाश साहू, चुन्नी लाल, नरेश साहू, जीवन लाल साहू, रामेश्वर साहू, जीवन साहू, देवचरण साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।



### माता कर्मा अनेक दुःखों को सह कर भक्ति की

विधायक साव ने कहा माता भक्त कर्मा में बहुत भक्ति थी। माता कर्मा अनेक दुःखों को सह कर भक्ति की और उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान जगन्नाथ को भी अपने मंदिर से बाहर निकलना पड़ा और भक्त माता कर्मा के द्वारा बनाई गई खिचड़ी को खाना पड़ा। भक्त माता कर्मा ने अपनी भक्ति का जो संदेश हमें दिया है कि कोई भी भक्त भक्ति भाव से निष्ठापूर्वक अपने कार्य को करता है, तो उसके सभी कार्यों में उसे सफलता मिलना तय है।

## प्लास्टिक का उपयोग रोकने सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर ही महिलाओं से कपड़ा थैला बनाने अपील

# स्वरोजगार के लिए संयंत्र ने उठाया कदम क्षेत्र के 10 हितग्राहियों को मिला हाथठेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी–रावन

अल्ट्राटेक हिरमी के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने 10 हितग्राहियों को हाथ ठेला का वितरण किया। इसका प्रमुख उद्देश्य स्वरोजगार के लिए सहयोग प्रदान करना है, जिससे जरूरतमंद परिवार आय अर्जन कर सके तथा आजीविका संवर्धन गतिविधियों में संलिप्त होकर परिवार को सहयोग कर सके। अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में संयंत्र के प्रमुख सुभाष चंद्र बोस, मानव संसाधन विभाग के फंक्शनल हेड मनोज यादव, प्रशासन विभाग से रंजीत नैनवाल, कार्मिक विभाग के तरुण जैन, एचआर विभाग से रंजीत प्रसाद, रवि वेदुला, केशव निषाद, ग्रामीण विकास से वैभव त्रिपाठी, आशुतोष खरे एवं हाथ ठेला लेने वाले प्रतिभागी उपस्थित थे।

संयंत्र प्रमुख सुभाष चंद्र बोस ने कहा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित है, जिसमें हाथ ठेला के माध्यम से स्वरोजगार प्रदान करने के लिए हाथ ठेला का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा रोजगार आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से भी ग्राम के युवा एवं युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे निश्चित तौर पर लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके साथ उन्होंने शिक्षा तथा विशेषकर बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने की बात कही।




### कपड़े के झोले बांटे जाएंगे

मानव संसाधन से मनोज यादव ने कहा कि हाथ ठेला एक प्रमुख परियोजना है, जिसके माध्यम से रोजगार प्रदान करने हेतु पहल की जाती है। इसके साथ उन्होंने सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों से कपड़े का झोला बनाने की भी बात कही, जिसका प्रयोग कॉलोनी परिसर के अंदर किया जाएगा तथा निवासरत परिवारों को कपड़े का झोला बांटा जाएगा। इससे प्लास्टिक मुक्त मुहिम को मदद मिलेगी। उपस्थित प्रतिभागियों ने अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट यंत्र की इस पहल की सराहना की तथा स्वरोजगार के लिए सहयोग करने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास के तारिणी राजपुत, सविता वर्मा, उमाशंकर धीवर, प्रीतम पटेल, रामा साहू एवं हेमलाल साहू का योगदान रहा।

## शिक्षक महादेव जायसवाल को मिला राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

राजधानी रायपुर में शिक्षा कला प्रतिभा अकादमी द्वारा आयोजित कला एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य स्तर के शिक्षकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मीर अली वरिष्ठ साहित्यकार, आरपीएफ राजनंदगांव प्रभारी व मशहूर पंडवानी गायिका तरुणा साहू, पवन लहरिया, चंद्रशेखर परगनिहा, तारेन्द्र चंद्राकर सहित साहित्य एवं कला क्षेत्र में राष्ट्रपति से सम्मानित सेवानिवृत्ति शिक्षा पारसराम साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अकादमी के सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ। इसके बाद सभी सम्मानित अतिथियों को शॉल, श्रीफल, मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले 91 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें बलौदाबाजार जिले के प्राथमिक स्कूल दर्री के शिक्षक महादेव जायसवाल को उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञात है कि महादेव जायसवाल को नवाचारी शिक्षा शून्य निवेश नवाचार पढ़ाई तो तुहार द्वार और मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। नशा मुक्ति अभियान भी उनके द्वारा चलाए जा रहा है।

## समर वेकेशन में ठंडे स्थान में जाना पंसद कर रहे अंचल के लोग

**बलौदाबाजार।** गर्मी की छुट्टी लगते ही समर सीजन पर बाहर घूमने जाने का प्लान हर कोई करता है। इस सीजन में बढ़ती गर्मी को देखते लोग ठंडे हिल स्टेशनों पर जाने प्लानिंग अधिक कर रहे हैं। यही वजह है कि इस समय कश्मीर, मनाली, लद्दाख व केदारनाथ स्थनों पर जाने बुकिंग पर्यटक करवा रहे हैं। वैकेशन होने से हॉटलों के रूम भी तत्काल में मिलना मुश्किल हो गया है। ट्रैवल एजेंट के अनुसार गर्मी के इस सीजन में सभी हिल स्टेशनों पर हॉटल के रूम के प्राइज बढ़ जाते है, जो मिलता है उसकी कीमतें सामान्य से दुगनी हो रहती है।



### फैमली टूर की डिमांड अधिक

वर्तमान समय में गर्मी को देखते हुए फैमली टूर की डिमांड बढ़ी है। इसे देखते हुए टूर एंड ट्रैवल कई ऑफर भी चला रहे हैं। एजेंटों के अनुसार इन जगहों पर जाने के लिए पर पर्सन पन्द्रह हजार से पैकेज शुरू हो जाता है, वहीं ऑउट ऑफ इंडिया जाने के लिए 30 से 35 हजार तक पैकेज शुरू हो जाता है।

# बदली से उमस बढ़ी, तापमान पहुंचा 41 से 43 डिग्री तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

चुनावी गर्मी के साथ मौसम की गर्मी भी बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी इस बार प्रचंड गर्मी पड़ने की है। अप्रैल में ही इसकी वानगी हम देख चुके हैं। बीते कुछेक वर्षों की तुलना में इस बार अप्रैल माह अधिक गर्म बीता। वर्ष दर वर्ष दुनियाभर के तापमान में वृद्धि हो रही है। अत्यधिक गर्मी से भारत के साथ राज्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं ग्रामीण अंचल के लोगों को बिजली के कम वोल्टेज से कूलर पंखा चलाने में कठिनाई हो रही है।

- कम वोल्टेज से कूलर, पंखे भी ठीक से नहीं चल रहे



### कूलर- एसी की मांग बढ़ी

तेज गर्मी को देखते हुए लोगों द्वारा कूलर, एसी की मांग बढ़ चुकी है। दुकानदारों के अनुसार नगर में इस मौसम में लगातार कूलर, पंखा व एसी की मांग के साथ उनका रिपेयरिंग कार्य बढ़ चुका है, क्योंकि लोग घरों में ही बैठकर गर्मी से मुक्ति पाना चाह रहे हैं।

### गर्मी जनित रोगों में हो रही बढ़ोतरी

भीषण गर्मी व प्रचंड लू से दिन ब दिन डायरिया, बुखार एवं लू लगने की संभावना बढ़ गई है। वर्तमान समय में जिला अस्पताल में गर्मी संबधित रोग से पीड़ित विभिन्न रोगी का आगमन बढ़ गया है। दिन प्रतिदिन डिहाइड्रेशन सबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ा है। चिकित्सकों की सलाह है कि भीषण गर्मी के चलते स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाता है। इस मौसम को ध्यान में रखते हुए जरूरी कार्य के लिए ही घर से बाहर जाने की सलाह दी गई है।

### चिमनियों से निकलने वाला धुआं से बढ़ रही गर्मी

जीवाश्म ईंधन आधारित उद्योग, चिमनियां, वाहनों से निकलने वाला धुआं, अत्यधिक आबादी के चलते कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन, जंगलों में आग आदि कारण है। जिससे यह बढ़ती जलवायु परिवर्तन के कारण प्रचंड लू एशिया में रहने वाले लोगों के जीवन को और अधिक मुश्किल बना रही है।

### दोपहर में लोगों का निकलना हो रहा दूभर

वर्तमान समय में गर्मी को देखते हुए लोग घर में ही रहना पंसद कर रहे हैं। नगर में औसतन तापमान 14 से 43 डिग्री तक पहुंच गया है। कुछ एक दिन बादल छाये रहने किंतु बारिश नहीं होने से उमस बढ़ी है। केवल व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं नौकरी पेशा आदमी को मजबुरीवश इस भंयकर गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

# भाजपा सरकार सुख-शांति और समृद्धि का प्रतीक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

## ओडिशा के सम्बलपुर में शिवरतन का प्रचार जारी

वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा इन दिनों ओडिशा में भाजपा के पक्ष में धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। ओडिशा के मजबूत भविष्य के लिए विभिन्न समाजों, पार्टी कार्यकर्ताओं, क्षेत्रवासियों की बैठक लेकर भाजपा की मजबूत सरकार बनाने की मांग की जा रही है।

इसी क्रम में बुधवार को ओडिशा के सम्बलपुर स्थित पार्टी कार्यालय में उन्होंने जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। सभी ऊर्जावान भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए ओड़िशा की सभी सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प लेने की अपील की। साथ ही देश के गृहमंत्री अमित शाह की होने वाली जनसभा की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

शिवरतन शर्मा ने क्षेत्र का दौरा कर सभाएं ली और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ओडिशा और देश के भविष्य निर्माण के लिए सभी लोगों को अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा मजबूरी और परिवारवाद का कारण ओडिशा विकसित राज्य नहीं बना पा रहा है। मिशन फॉर नेशन कार्यक्रम में सम्मिलित होने सम्बलपुर पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से भी शिवरतन शर्मा एवं प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने भेंट कर देश में चल रहे और छत्तीसगढ़ में हो चुके चुनावों से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की।



### बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार आदि के लिए छत्तीसगढ़ पर निर्भर

छत्तीसगढ़ का निर्माण आज से लगभग 23 साल पहले हुआ था, लेकिन वो विकास के मामले में आज काफी आगे हैं, वर्तमान में डबल इंजन सरकार के आने से वहां के लोगों में समृद्धि आ रही है और व्यापार फल फूल रहा है, लेकिन ओडिशा में व्यापार दम तोड़ रहा है। भाजपा सरकार सुख-शांति और समृद्धि का प्रतीक है। इसलिए सभी लोग स्वयं भी भाजपा को वोट दें और वोट करने के लिए प्रेरित कर भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र प्रधान और विधानसभा प्रत्याशी जय नारायण मिश्रा के पक्ष में मतदान करें।

### पलायन से ओडिशा में आर्थिक विकास ठप

इस अवसर पर पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमप्रकाश पांडेय ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में छोटे-बड़े व्यापार को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन ओडिशा सरकार के दमनकारी समुदाय के लोग यहां से व्यापार पलायन कर रहे हैं, जिससे ओडिशा का आर्थिक विकास नहीं हो पा रहा है।

## नोटरी परिसर में नहीं है बिजली कनेक्शन

**महासमुंद।** स्थानीय नोट एसडीएम कार्यालय परिसर में पब्लिक नोटरी के बैठक के लिए शेड बना हुआ है। यहां नौ नोटरी व कुछ स्टांप वेंडर - बैठते हैं। पक्षकार अपने कामकाज को लेकर यहां आते हैं, लेकिन बढ़ती गर्मी, उमस से लोग यहां हलाकान हैं। 2 नोटरियों ने बताया कि पंखा, कूलर की न व्यवस्था वे कर सकते हैं, लेकिन यहां बिजली नहीं दी गई है। एसडीएम सह तहसील कार्यालय से इन्हें बिजली दी जा सकती है, जो मांगने पर भी नहीं दी गई है। दूसरी ओर बिजली विभाग कनेक्शन देने इनसे जमीन के पेपर, कार्यालय प्रमुख की स्वीकृति का पत्र - मांगता है। इन बाधाओं के कारण नोटरी शेड में अब तक बिजली नहीं पहुंची। लोग उमस गर्मी से हलाकान हैं।

हरिभूमि **पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8224035555, 8370049468**

## मारपीट मामले में 2 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति से मारपीट की घटना हुई है। घायल को सीएचसी पिथौरा में दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी मनीष कुमार साहू पिता संतोष साहू निवासी डिपोपारा लहरौद ने बताया कि मैं ड्रायवरी का काम करता हूं। 15 मई 2024 को मेरी भाभी रूखमणी साहू ने फोन कर बताया कि आपके चाचा संतराम साहू के साथ कुछ लोग गाली गलौज कर मारपीट कर रहे हैं। तब मैंने आकर देखा तो साहू डीजे दुकान में मेरे चाचा संतराम बैठे थे और उन्हें चोट लगी थी। चाचा से पूछने पर बताया कि खेल मैदान पिथौरा में आरोपी दुर्गेश सेन एवं बेदराम सेन ने मेरे साथ मारपीट की। आरोपियों ने मेरे चाचा को घर से खेल मैदान पिथौरा लाकर डंडे, बेल्ट व कांच के बॉटल से प्रहार किया। प्रार्थी ने बताया कि मैने अपने चाचा को सीएचसी पिथौरा में दाखिल कराया है।

